पावरग्रिड ने नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण को सुदृढ़ करने चार आईएसटीएस परियोजनाओं का किया अधिग्रहण

भोपाल। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सीपीएसयू ने नवीकरणीय ऊर्जा के पारेषण से संबंधित अंतर- राज्य ट्रांसमिशन परियोजनाओं को लागू करने के लिए चार (04) प्रोजेक्ट स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) का सफलतापूर्वक अधिग्रहण किया है।

टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटेटिव बिडिंग (टीबीसीबी) के माध्यम से खावड़ा पीएस 1 और 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड एवं बाड़मेर। ट्रांसमिशन लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) से अधिग्रहित किया गया है, जबकि शेष दो एसपीवी बीकानेर ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड और बीकानेर बी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपी डीसीएल) से अधिग्रहित किया गया है। ये परियोजनाएं विभिन्न राज्यों में हरित ऊर्जा

के एकीकरण और पारेषण में सहयोग करेंगी। उपरोक्त सभी चार परियोजनाएं अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम परियोजनाएं हैं और इन्हें 24 महीनों में कमीशन किया जाना है। खावड़ा पीएस 1 और 3 ट्रांसमिशन लिमिटेड के माध्यम से एक पारेषण प्रणाली को लागू किया जाएगा जिसमें केपीएस 1 पर 300 एमवीएआर के 2 स्टेटकॉम और केपीएस3 पर 300 एमवीएआर के 1 स्टेटकॉम की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना गुजरात में खावड़ा क्षेत्र की आरई बिजली निकासी का हिस्सा है और इसमें विद्युत प्रणाली में इष्टतम वोल्टेज स्तर बनाए रखने के लिए रिएक्टिव पावर के रियल टाइम एडजस्टमेंट को संभव बनाने हेतु डायनामिक रिएक्टिव पावर कम्पेन्सेशन [यांत्रिक रूप से स्विच किए गए कैपेसिटर और रिएक्टर के साथ स्टेटकॉम का प्रावधान है।

बाड़मेर। ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा एक पारेषण प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें राजस्थान राज्य में 765 / 400/220 केवी के नए बाड़मेर / पूलिंग सब-स्टेशन की स्थापना, 765 केवी और 400 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइनों और अन्य मौजूदा सब-स्टेशनों पर संबंधित बेज एक्सटेंशन कार्य शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन परियोजना जैसलमेर/बाड़मेर कॉम्प्लेक्स से 5.5 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा के निकासी की व्यापक योजना का हिस्सा है।

बीकानेर ए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक ट्रांसमिशन प्रणाली लागू करेगा जिसमें स्टेटकॉम और एमएससी / एमएसआर उपकरण के साथ 765/400/220 केवी बीकानेर द्वङ्क पूलिंग सबस्टेशन की स्थापना, राजस्थान और हरियाणा राज्यों से होकर गुजरते हुए बीकानेर द्वङ्क को सिवानी सबस्टेशन से जोड़ने वाली 765 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन तथा राजस्थान, पंजाब और हरियाणा राज्यों से गुजरने वाली विभिन्न 400 केवी डी/सी लाइनों के साथ-साथ हरियाणा और पंजाब के मौजूदा सबस्टेशनों में वे एक्सटेंशन कार्य शामिल हैं।

बीएसएसएस एडु क्लब ने आयोजित किया राष्ट्रीय वेबिनार

भोपाल।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में बीएसएसएस एडु क्लब ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से शिक्षा को पुनर्जीवित करना समग्र शिक्षा का मार्ग विषय पर एक विचारोत्तेजक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।

शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की विरासत को सम्मानित किया गया, जिनका शिक्षा की शक्ति में दूरदर्शी विश्वास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।

वेबिनार में प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. राजेश शर्मा, द आईवीवाई ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल और मान्यता प्राप्त सीबीएसई

प्रशिक्षक ने भाग लिया, जिन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व के बारे में गहन जानकारी दी। डॉ शर्मा ने भारत के पारंपरिक ज्ञान को कालातीत ज्ञान का स्रोत बताया, जो समग्र मानव कल्याण और सतत विकास के मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास स्थापित तक्षशिला (तक्षशिला) विश्वविद्यालय की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो दुनिया के उच्च शिक्षा के पहले केंद्रों में से एक था। एशिया भर में विद्वानों को आकर्षित करने और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक प्रमुखता भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत को दर्शाती है।

भारत की विरासत को आधुनिक शिक्षा में एकीकृत करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, डॉ शर्मा ने इस जीवंत विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने के लिए पाठ्यक्रम संवर्धन पर जोर दिया।

देश भर के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों, छात्रों और प्रतिभागियों ने वेबिनार में भाग लिया, जिससे यह वास्तव में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम बन गया। बीएसएसएस एडु क्लब ने वेबिनार का सफलतापूर्वक समन्वय किया, जिससे प्रतिभागियों के लिए एक सहयोगी अनुभव सुनिश्चित हुआ और समकालीन शैक्षिक ढांचे को आकार देने में पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के महत्व को मजबूत किया गया।

हिस्सेदारी हासिल करने हेतु टर्म शीट प्राप्त की

भोपाल। इवेक्सिया लाइफकेयर लिमिटेड जो फार्मास्यूटिकल्स, केमिकल्स, इंटरमीडिएट्स की मैन्युफैक्चरिंग,एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स और कंज्यूमर गुड्स के अनेक अन्य उत्पादों के व्यापार में लगी हुई है, कंपनी ने घोषणा की है कि उसने प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर 18,600 नए फुली पेड इक्विटी शेयर्स की सदस्यता लेकर अपने इंटेंशन के लिए डिपोन्ड बायो प्राइवेट लिमिटेड के साथ टर्म शीट निष्पादित की है। सब्सक्रिप्शन शेयर्स के जारी होने और आवंटन के पूरा होने पर, इवेक्सिया के पास कंपनी की पोस्ट इश्यू शेयर कैपिटल का 65त्न हिस्सा होगा और डिपोन्ड बायो के मौजूदा शेयरहोल्डर्स के पास पोस्ट इश्यू शेयर कैपिटल का 35 प्रतिशत हिस्सा होगा। इसके अलावा, इवेक्सिया कंपनी के व्यवसाय को फंड देने के लिए 20.00 करोड़ रुपये भी प्रदान करेगा।

एक्सिस बैंक ने प्रतिभा विकास की साझेदारी

भोपाल। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने कौशल निर्माण से जुड़ी पहलों के ज़रिये टैलेंट (प्रतिभा) पाइपलाइन विकसित करने के लिए अड्डा 247 के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस गठजोड़ का उद्देश्य है बिक्री, संपर्क प्रबंधन और अन्य ग्राहक संपर्क वाली भूमिकाओं में एक्सिस बैंक के लिए युवाओं को उच्च-गुणवत्ता और नौकरी के लिए तैयार करना। एक्सिस बैंक और अड्डा247, इस साझेदारी के ज़रिये दक्ष बैंकरों की अगली पीढ़ी की भर्ती, पोषण और निर्माण के लिए कई पहल शुरू करेंगे। इस किस्म की पहलों के तहत युवा पेशेवरों के लिए एक्सिस बैंक में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक क्षेत्र (डोमेन) की जानकारी और कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों संस्थाओं द्वारा तैयार और उद्देश्य केंद्रित लर्निंग (सीखने) अनुभव प्रदान किया जाएगा।

बजाज आलियांज लाइफ ने 34 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की

भोपाल। भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में पर्याप्त वृद्धि देखी है।

कंपनी ने इंडिविजुअल रेटेड न्यू बिजनेस (आईआरएनबी) में सालाना आधार पर उल्लेखनीय 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 1,415 करोड़ रुपये की तुलना में 1,895 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। न्यू बिजनेस प्रीमियम में भी सालाना आधार पर 14त्न की मजबूत वृद्धि देखी गई, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 2,821 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,202 करोड़ रुपये हो गई, जबकि ग्रॉस रिटेन प्रीमियम में 23 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 5,338 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6,544 करोड़ रुपये हो गई।

बजाज आलियांज लाइफ ने निजी क्षेत्र की बाजार हिस्सेदारी में 8.9त्न और समग्र उद्योग हिस्सेदारी में 6.1त्न की वृद्धि दर्ज की। यह वृद्धि अपने वितरण चैनलों में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाती है जो लगातार देश भर के विभिन्न बाजारों में बीमा जागरूकता और पैठ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

सोमनाथ ट्रेन में एसी थ्री टायर श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया

भोपाल। रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया हैं। प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार है । यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर से वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस में दिनांक 13 नवम्बर 2024 से आगामी सात दिनों के लिए वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच लगाएं। यात्री सोमनाथ ट्रेन के बढ़े हुए अतिरिक्त कोचों की सुविधा का लाभ उठाए।

आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लेनेट ने शिवपुरी के 60 छात्रों को सम्मानित किया

भोपाल। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनी थिंक गैस ने शिवपुरी में एक पुरस्कार समारोह के दौरान अपने आर्टिस्ट्स फॉर ग्रीन प्लेनेट पहल, एक अंतर-विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। 45 दिनों की अवधि में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर भर के 20 स्कूलों के 2500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता की थीम, खुल के सांस लो, ने युवा कलाकारों को जीवंत और सार्थक चित्रों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और पर्यावरण चेतना व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों से युक्त एक जूरी ने प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया, प्रत्येक स्कूल से शीर्ष 3 चित्रों का चयन किया। इन 60 कलाकृतियों के रचनाकारों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। थिंक गैस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ब्रजेश कुमार के अनुसार,इन युवा कलाकारों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता और जुनून हमारे युवाओं में बढ़ती चेतना का प्रमाण है।

सूडोकु नवताल 7243

★★★★☆ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7242 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

काकुरो पहेली - 6922



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

काकुरो - 6921 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8309



बाएँ से दाएँ

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू,सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा,शतक-2
8. दुलारा,लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम,मूल्य,दर-3
15. अग्नि,आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत,अप्सरा-2
22. दाम,कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

ऊपर से नीचे

2. न्यूनता,कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना,मान मनुहार करना-3
7. वहम,संदेह-2
9. भाग्यशाली(अंग्रेजी-2)
11. मैला,दागदार-3
13. धोखेबाज,कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त,खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

शब्द पहेली -8308 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6740



बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरू द्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6739

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6849

	3		4	5		
2	30	7	31		34	2
1			3		7	
	28	6	31	6	39	3
4		1			5	7
3	30		32	7	34	
	5		6		2	

प्रस्तुत खेल सुडोकु व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6848 का हल

2	3	6	4	1	7	5
7	30	2	25	2	34	4
4	5	1	3	6	7	2
6	28	5	35	3	39	6
1	2	4	6	7	5	3
5	30	3	42	5	34	7
3	5	7	6	4	2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 7849

कृ	श	मु	श	सी	क	हो	ना	प्या	र	हैं	
ष	क्रि	ल	ना	तु	म	जा	नो	ना	ह	म	
य	के	या	हे	नि	ल	ना	न	व	टि	रू	
इं	ट	दें	न	शा	वा	क्य	क	ले	ज	क	
प	दा	ह	मी	ने	तो	हो	थ	गो	भी	त	
को	स	क	प	श	स	ए	व	खु	वॉ	व	
द	ई	न	न	जी	न	ह	शी	गो	ली	द	
क	र	मि	प	क्श	प	क	र	चो	आ	ख	
र	व	त	ल	रा	भी	त	श्मी	अ	शा	अ	
क	र	ल	प	ग	ज	ता	रे	र	ह	द	
क	ह	रि	म	श	या	चि	मु	की	फि	जा	

शब्दजाल में ऋतिक रोशन की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

कृष, कोई मिल गया, कभी खुशी कभी गम, फिजा, कहोना प्यार है, मीशन कश्मीर, यादें, ना तुम जानो ना हम, लक्ष्य, आशा.

शब्दजाल - 7848 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore